# एप्लास्टिक एनीमिया बीमारी से ग्रस्त 16 वर्षीय बालक को मिला नया जीवन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला(मनीष कुमार)** हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री अनिल विज की बदौलत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत अम्बाला छावनी के बोह निवासी बालक को नया जीवन मिल सका है। बालक एप्लास्टिक एनीमिया (खून नहीं बनना) बीमारी से ग्रस्त है और ईलाज हेतु स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के प्रयासों से इस बालक के इलाज हेतु 15 लाख रुपए जारी किए गए हैं। इस बालक का पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ में उपचार चल रहा है। स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने आज अपने आवास पर 16 वर्षीय बालक को पांच लाख रुपए की दूसरी किश्त



का चेक सौंपा और बालक के बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। इससे पहले बालक के ईलाज के लिए सितंबर 2021 में दस लाख रुपए की राशि दी जा चुकी है। बालक एवं उसके परिवार के सदस्यों ने स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का आभार जताया। इस अवसर पर सिविल सर्जन अम्बाला डा. कुलदीप सिंह सहित डा. हितेश एवं अन्य मौजूद रहे। गौरतलब है स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के प्रयासों से ही एप्लास्टिक एनीमिया बीमारी को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में शामिल किया गया था और अब इस बीमारी से ग्रस्त मरीज को ईलाज हेतु आर्थिक सहायता प्राप्त हो सकी है।

**राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत वित्तीय सहायता मिलने का हरियाणा में पहला मामला : डा. कुलदीप सिंह**

अंबाला के सिविल सर्जन डा. कुलदीप सिंह ने बताया कि बालक के परिवार ने ईलाज में आर्थिक मदद प्रदान करने के लिए पूर्व में स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के समक्ष गुहार लगाई थी। तब यह बीमारी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में शामिल नहीं थी। श्री अनिल विज के प्रयासों से इस बीमारी को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में शामिल किया गया और एप्लास्टिक एनीमिया का यह हरियाणा में पहला मामला है जिसके तहत बालक को कुल 15 लाख रुपए की आर्थिक मदद ईलाज हेतु दी जा सकी है। उन्होंने बताया कि एप्लास्टिक एनीमिया खून की कमी से जुड़ी बीमारी है जिसमें शरीर में रक्त कोशिकाओं का निर्माण कम होता है।

इस बीमारी का ईलाज एवं दवाएं महंगी है, मगर स्वास्थ्य मंत्री की बदौलत इस बीमारी को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में शामिल कर आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान हो सका है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों में जन्मजात बीमारियों को कवर किया जाता है और ईलाज से पहले ही राशि प्रदान कर दी जाती है।

# राजस्थान विस चुनाव पर जेजेपी की नजर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ आगामी चु**नावों की तैयारियों को लेकर हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि जेजेपी प्राथमिकता के साथ राजस्थान में संगठन को मजबूत करने पर फोकस कर रही है और राजस्थान में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी जल्द वहां संगठन का विस्तार करेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान से दो बार विधायक रहे चुके जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला के समय के पुराने साथियों को वहां अहम जिम्मेदारियां दी जाएंगी और जल्द पदाधिकारियों की नियुक्तियों की घोषणा की जाएगी। डिप्टी सीएम ने यह भी कहा कि हरियाणा विधानसभा और देश में लोकसभा के चुनाव साल 2024 में होने हैं लेकिन इससे पहले राजस्थान में विधानसभा के चुनाव होंगे इसलिए अभी पार्टी वहां संगठन मजबूती पर प्राथमिकता के साथ काम कर रही है। वे भिवानी जिले के दौरे के दौरान पत्रकारों से रूबरू थे। वहीं डिप्टी सीएम ने यह भी कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव परिणाम का हरियाणा में कोई असर नहीं पड़ेगा लेकिन हरियाणा के विधानसभा चुनाव से पहले राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और लोकसभा चुनाव के परिणाम का असर जरूर प्रदेश में देखने को मिल सकता है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा में जेजेपी संगठन के पुनर्गठन का कार्य जारी है और आज पार्टी के साथ निरंतर नए साथी जुड़ रहे है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा करवाए जा रहे जनहित कार्यों और पार्टी की विचारधारा को कार्यकर्ता घर-घर पहुंचा कर प्रचार कर रहे है और इसी बदौलत पार्टी दिन-प्रतिदिन मजबूत हो रही है। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने अंबाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद रतन लाल कटारिया के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि उनके निधन से राजनीतिक क्षति के साथ-साथ हमारे लिए पारिवारिक क्षति भी है। उन्होंने कहा कि रतन लाल कटारिया लोकसभा में उनके और जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला के साथ सदस्य रहे थे। वहीं जननायक चौ देवीलाल के साथ भी वे राज्यसभा सदस्य थे। डिप्टी सीएम ने कहा कि देश ने सदैव हंसमुख रहने वाले एक ऊर्जावान, विकासवादी नेता को खो दिया है। वीरवार डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के भिवानी शहर में आयोजित हुए लगभग दो दर्जन से अधिक कार्यक्रमों ने जनता दरबार का रूप लिया। कार्यक्रमों में दुष्यंत चौटाला ने लोगों की समस्याएं सुनी और विकास कार्यों के लिए लाखों रूपए की घोषणा की। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि अब समय को देखते हुए वे सार्वजनिक भवनों व चौपालों का प्रयोग बच्चों के शिक्षा क्षेत्र को लेकर ई-लाइब्रेरी स्थापित करने में प्रयोग करें ताकि समाज का उत्थान हो सके।

दुष्यंत चौटाला ने अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों की बिजली, पानी, सड़क, पेंशन, सीवरेज से आदि अनेकों समस्याएं सुनी और उनके समाधान के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। कार्यक्रमों के दौरान उपमुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया गया।

# सांसद सैनी ने रतन लाल के निधन पर जताया शोक

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

कुरूक्षेत्र से सांसद नायब सिंह सैनी ने सांसद रतन लाल कटारिया ने निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए इसे भाजपा पार्टी और देश के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं अम्बाला लोकसभा क्षेत्र से सांसद स्व. रतन लाल कटारिया नेतृत्व क्षमता के धनी, मृदु भाषी तथा स्वच्छ छवि के राजनेता थे। उन्होंने सदैव जनहित की राजनीति की और उनके लिए जनता के हित सदैव सर्वोपरि थे।

सांसद नायब सैनी आज दिवंगत रतन लाल कटारिया के अंतिम संस्कार में शामिल हुए और पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी और परिवारजनों को सांत्वना दी। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए सांसद



नायब सिंह सैनी ने कहा कि स्व. रतन लाल कटारिया का असामयिक निधन से संगठन, परिवार व निजी तौर पर उनके लिए भी अपूर्णीय क्षति है। उनका सदैव उन्हें मार्गदर्शन मिलता रहा है। उन्होंने हरियाणा में भाजपा को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई। स्व. रतन लाल कटारिया अपनी बेबाक बातों के धनी, अपनी बातों से माहौल को खुशनुमा बनाने में माहिर थे। वे जनता तक अपनी बात को सहज और सरल अंदाज में पहुंचा देते थे।

भाजपा जिला कार्यकारणी सदस्य सुमन सैनी ने भी किया दिवंगत सांसद रतन लाल कटारिया के निधन पर शोक व्यक्त।भाजपा जिला कार्यकारणी सदस्य सुमन सैनी ने भी दिवंगत सांसद रतन लाल कटारिया के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए प्रभु से उनकी आत्मिक शांति की प्रार्थना की है। सुमन सैनी ने स्व. रतन लाल कटारिया के निवास पर जाकर दुःख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने कहा कि स्व. रतन लाल कटारिया ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व संगठन में महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए पार्टी को नई उचांईयों तक पहुंचाने के लिए सदैव तत्पर रहे। विधायक, सांसद व केन्द्रीय राज्य मंत्री रहते हुए दिवंगत रतन लाल कटारिया ने विकास कार्यो का प्राथमिकता दी।

# राजनीति के चाणक्य माने जाते है रणदीप सुरजेवाला: मधुसूदन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता रणदीप सुरजेवाला राजनीति के चाणक्य माने जाते है। उन्होंने जब से राजनीति ज्वाइन की है जिस पद पर रहे है एक कुशल प्रशासक व राजनेता रहे है। चाहे यूथ कांग्रेस या हो हरियाणा कांग्रेस में मंत्री पद पर हो। वर्ष 2004 से लेकर 2014 तक जब हरियाणा में कांग्रेस की सरकार रही तो उन्होंने एक अच्छे नेता की भूमिका निभाई। कनार्टक के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने कर्नाटक जीत से दिखा दिया है कि वे राजनीति के चाणक्य है। रणदीप सुरजेवाला की चाणक्य नीति से ही हरियाणा में कांग्रेस सत्ता में आएगी।

# सांसद रतनलाल के निधन से पार्टी, देश की राजनीति को भारी क्षति पहुंची: विज

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला(मनीष कुमार)** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य अनिल विज ने अम्बाला लोकसभा के सांसद श्री रतन लाल कटारिया के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि ह्लउनके निधन से पार्टी और देश की राजनीति को भारी क्षति पहुंची है, उनकी कमी को पूरा करना बहुत मुश्किल है ह्व सांसद रतनलाल कटारिया के निधन की जानकारी मिलते ही गृह मंत्री अनिल विज ने अपने सभी कार्यक्रम रद्द किए और उनके अंतिम दर्शन के लिए पंचकुला पहुंचे। श्री विज ने कहा कि रतन लाल कटारिया पार्टी के कद्दावर नेता थे और उनके बहुत अच्छे मित्र रहे हैं। उन्होंने कहा कि सन्‌ 1987 में कटारिया विधायक थे और 1990 में वह भी विधायक बने थे। विधानसभा की जो समितियां होती थी वह बाहर के प्रदेशों में अध्ययन के लिए जाती थी और हम साथ-साथ बाहर जाते थे। श्री विज ने कहा कि रतनलाल कटारिया हंसमुख नेता थे और वह गंभीर से गंभीर स्थिति में भी लोगों का मूड हंसी-मजाक से ठीक कर देते थे। गृह मंत्री अनिल विज ने पुराना किस्सा बताते हुए कहा कि सन्‌ 1991 के चुनाव में जब पार्टी हरियाणा में हारी, तब डा. मंगलसेन जी पार्टी अध्यक्ष थे और उन्होंने हार पर मंथन के लिए बैठक बुलाई थी और तब माहौल गमगीन था। उस समय रतनलाल कटारिया ने जब अपना अनुभव बताया तो सारे ठहाके मारकर हंसने लगे।

# शहर में विकास से जुड़े कार्यों में लाई जाएं तेजी: योगेश पाल



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत** शहर में विकास कार्य तेजी से करवाए जाएं। बाधाओं को जल्द दूर किया जाए, ताकि लोगों को लाभ मिल सके और विकास की गति में तेजी आए। ये बाते भाजपा के जिला महामंत्री योगेश पाल अरोड़ा ने सोनीपत निगम कमिश्नर विश्राम कुमार मीना से मिलकर शहर में चल रहे विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। शहर के सौंदर्यीकरण, गलियों, नालियों, स्ट्रीट लाइट,सिवरेज,बाहरी अच्छी गुणवता वाले कैमरे लगवाना,बंद पड़े कैमरे को चालू करवाना, भीड़भाड़ वाले बाजारों में शौचालयों की व्यवस्था व सफाई व्यवस्था का विशेष प्रबंध करवाना, आवारा पशुओं,बंदर व कुत्तों को पकड़वाना आदि कार्यों को प्राथमिकता से करवाना। य

# लीगल लिटरेसी क्लब द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला(मनीष कुमार)** मुरलीधर डी ए वी के प्रांगण मे मातृ दिवस का उपलक्ष्य मनाते हुए लीगल लिटरेसी क्लब के द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कक्षा तीसरी से बारहवीं तक कराइ गई ' कक्षा तीसरी से सातवीं तक के छात्रों का उपविषय था बेटी बचाओ, कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के छात्रों का उपविषय था कन्या भ्रूण हत्या क इस प्रतियोगिता मे लगभग 800 छात्रों ने अपनी भावनाओं को पोस्टर पर चित्र के माध्यम से विभिन्न रंगों द्वारा बड़ी सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया '

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी ने



सर्टिफिकेट प्रदान किए तथा भाग लेने वाले छात्रों की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा कहा कि इस प्रकार के प्रयत्नों के माध्यम से हम जनमानस को जागृत कर सकते हैं प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों की सूची इस प्रकार हैः-कक्षा तीसरी से सोफिया, नंदिनी, खुशाश, जीविका, अभिमन्यु, कक्षा चौथी से कृशघा, कवनजोत, देविका, भावेश कक्षा पांचवी से आयुषी, समीर, अलायना, दीक्षिता, गुरकीरत सिंह, कक्षा छठी से नैशा , तरनजोत, दर्श, कृतिका, रिद्धि , कक्षा सातवीं से साक्षी , रिशिका, अंगद, सुरवीन, सुहाना, आकांशा, अरमान, कक्षा आठवी से वन्दिता, दीया, आरुशी , कक्षा 9वी से लावण्या, दीपल, कक्षा 10वीं से पर्व रहे। राधिका व रचित तृतीय स्थान पर रहे कक्षा ग्यारहवीं के प्रथम साहिल द्वितीय मयंक हरजस श्रेया माही तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा बारहवीं से प्रीति प्रथम हर्षिका द्वितीय चंदन तृतीय स्थान पर रहे ।

# श्री गुरू हरगोबिंद साहिब हाई स्कूल का 10वीं का रिजल्ट रहा शानदार



**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)** श्री गुरू हरगोबिंद साहिब हाई स्कूल नजदीक गु. मंजी साहिब अम्बाला शहर का 10वीं कक्षा का परिणाम बेहतरीन रहा जिसमें 84% अंक लेकर आदित्य गिरी ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, इसी के साथ ही शिवपूजन 83%, काजल सैनी 82%, अनिश 81% अंक के साथ मैरिट में रहे। इनके अलावा अन्य 7 विद्यार्थी 65% से अधिक अंक लेकर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। स्कूल के प्रधान ज. हरपाल सिंह मैंबर एसजीपीसी ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि विद्यालय का यह परिणाम अध्यापकों के अनथक प्रयास के परिणामस्वरूप ही शत प्रतिशत रहा। स्कूल के मैनेजर ज. रणबीर सिंह फौजी मुख्य महासचिव शि.अ.द ने बताया कि विद्यालय में पढने वाला एक विद्यार्थी विपिन जिसकी मातृ भाषा हिन्दी है ने पंजाबी में पूरे 100 अंक, इसी विषय में अंशिका ने 99 अंक, काजल सैनी ने 98 अंक प्राप्त किए, काजल ने गणित में भी 91 अंक प्राप्त किए। यहां ये वर्णन योग्य है कि ये विद्यार्थी केवल शिक्षा में नहीं अपितु विद्यालय में होने वाली अन्य गतिविधियों में भी अव्वल रहे हैं। स्कूल की प्रबंधक कमेटी ने सभी शिक्षकों जिन्होंने इस परिणाम को शानदार बनाने में अपना योगदान दिया है उनका तहे दिल से आभार प्रकट किया है और ऐसे शिक्षकों को योग्य पुरस्कार भी देने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर विशेष रूप से स. एम. एम. सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह सिद्धढ़, रणजीत सिंह विक्की, रविन्द्र पाल सिंह सोनू, गुरमुख सिंह, राजिन्द्र सिंह शालू, मनजीत सिंह मिंटू आदि उपस्थित रहे।

# विद्यालयों में किचन गार्डन बनाने पर दो अध्यापक सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

बढ़ती मंहगाई का हवाला देते हुए अधिकतर अध्यापक और मिड डे मील कुक गाहे बगाहे मिड डे मील के लिए अधिक राशि जारी करने की मांग करते रहते हैं ऐसे में जिले के ही दो अध्यापकों नीलम रानी और सुरेंद्र सिंह ने ऐसे लोगों को अपने अपने विद्यालयों में किचन गार्डन विकसित कर नई राह दिखाई है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने अपने कार्यालय में आज इन दोनों अध्यापकों नीलम रानी, प्रभारी राजकीय प्राथमिक पाठशाला रूपा माजरा खंड अंबाला - 1 और सुरेंद्र सिंह,पंजाबी अध्यापक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय केसरी, खंड साहा को अपने अपने स्कूल में किचन गार्डन विकसित करने के लिए सम्मानित भी किया। इन दोनों अध्यापकों द्वारा अपने अपने स्कूलों में बेहतरीन ढंग से किचन गार्डन का निर्माण किया गया है और उसमे उगी सब्जियों का इस्तेमाल बच्चों के लिए मिड डे मील में बनाए जाने वाले विभिन्न व्यंजनों में किया जा रहा है` जिससे बच्चों को विद्यालयों में ही उगाई गई ताजी सब्जियों से बना पौष्टिक मिड डे मील परोसा जा रहा है` नीलम रानी और सुरेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यालय में किचन गार्डन बनाने के कार्य में उन्हें अपने क्लस्टर मुखिया




और स्टाफ का भरपूर सहयोग मिला है। रूपामाजरा स्कूल में जहां लगभग आधा एकड़ जगह में किचन गार्डन बना कर पत्ता गोभी, बैंगन, घिया, काली तौरी, प्याज और लहसुन का उत्पादन किया गया है वहीं केसरी स्कूल में किचन गार्डन के लिए स्कूल के असुरक्षित कमरों की नीलामी के बाद उत्पन्न हुई खाली जमीन का प्रयोग कर शिमला मिर्च, हरी मिर्च, बैंगन, सफेद बैंगन, कद्दू और प्याज के साथ साथ तरबूज भी उगाया जा रहा है।इन दोनों अध्यापकों को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा द्वारा उनके इस सरहानीय कार्य के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया` जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि ये दोनों विद्यालय इस मामले में अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने है, जिले के अन्य विद्यालय मुखिया जिनके पास समुचित जगह उपलब्ध है उन्हें भी इनसे प्रेरणा लेकर अपने अपने विद्यालयो में किचन गार्डन विकसित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को बढ़ावा देने के लिए खंड शिक्षा अधिकारियों से उन सभी स्कूलों की सूची मांगी गई है जहां किचन गार्डन बनाया जा सकता है और जल्द ही खंड शिक्षा अधिकारियों से इस संबंध में प्राप्त रिपोर्ट और अनुशंसा के आधार पर जिले के 100 स्कूलों को किचन गार्डन विकसित करने के लिए 5000/-रूपए प्रति स्कूल की दर से राशि जारी की जाएगी।

# गौ सेवा के प्रति मोर्निंग ग्लोरी स्कूल द्वारा चलाई मुहिम

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला/(मनीष कुमार)**

**मॉर्निंग** ग्लोरी स्कूल ने बाल मस्तिष्क गौ सेवा के प्रति जागृत करने के लिए नन्हे-मुन्ने बच्चों को गौशाला में लेकर गए। हमारी सनातन धर्म में गाय की पूजा मां के सामान की जाती है । स्कूल की मुख्याध्यापिका मालती अरोड़ा जी ने बच्चों को समझाया कि हमें गायों और अन्य सभी जानवरों के प्रति दयालु होना चाहिए। भगवान की कृपा से हम दिन में तीन बार खाने के लिए भोजन मिलता हैं इसलिए हमें जानवरों और पक्षियों को भी खिलाने के लिए थोड़ा प्रयास करना चाहिए। उन्हें खाना और पानी दो। हम सभी को दयालु और अच्छे इंसान बनना चाहिए । उन्होंने बच्चों को गाय को रोटी देने के फायदे बताते हुए समझाया कि हिंदू धर्म में पशु



पक्षियों को खाना खिलाने का विशेष महत्व है। गाय को गुड़ और रोटी देते हैं तो घर में सुख समृद्धि आती है परिवार में खुशियों का वास होता है। परिवार का प्रत्येक सदस्य बहुत तरक्की करता है घर पर मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है।

# टूटी हुई सड़को का सर्वे 2 दिन में शुरू करवाकर 15 जून तक टेंडर लगा दिए जाएंगे

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**विकास** मंच सेक्टर 4 द्वारा समस्याओं के समाधान के लिए दिए ज्ञापन पर नगरपालिका के जनप्रतिनिधियों ने सेक्टरवासियों के बीच आकर कहा कि टूटी हुई सड़को का सर्वे 2 दिन में शुरू करवाकर 15 जून तक टेंडर लगा दिए जाएंगे। विकास मंच द्वारा आयोजित बैठक में नगरपालिका चेयरपर्सन रिंकी वालिया, वाईस चेयरपर्सन आईना गुप्ता व वार्ड एक से पार्षद नरेंद्र शर्मा ने सेक्टरवासियों को आश्वासन दिया कि टूटी हुई सड़को का सर्वे एक-दो दिन में शुरू हो जाएगा और 15 जून तक निर्माण का टेंडर लगा दिया जाएगा। सर्वे में सबसे ज्यादा टूटी हुई सड़क का निर्माण पहले होगा। इसके




इलावा सरकार से स्वीकृति मिलते ही चार सफाई कर्मचारी सेक्टर में लगाए जाएंगे तब तक सप्ताह में एक बार दस सफाई कर्मियों की एक टीम सेक्टर में भेजकर सफाई व्यवस्था जारी रखी जाएगी। फॉगिंग का काम शुरू हो गया है। जून मास के पहले सप्ताह से ही स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था दुरुस्त हो जाएगी। सेक्टवासियो की मांग पर आवश्यकतानुसार नए प्वाइंट भी लगेंगे। पार्को के सौन्दर्यकरण व फुटपाथ बनाने का कार्य तथा वाटर गली की रिपेयर व क्लीनिंग का काम जून मास में शुरू होगा। बंदरो को पकड़ने के मामले में सरकार की वन्य जीवों पर क्रूरता की टिप्पणी के बाद समाधान के लिए अन्य

**▶▶ जून मास के पहले सप्ताह से ही स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था दरुस्त हो जाएगी**

विकल्प तलाशे जा रहे हैं। आवारा कुत्तों व पशुओ को पकड़ने बारे भी जल्द कार्यवाही होगी। हाउस टैक्स में आ रही समस्या के समाधान के लिए सेक्टरवासियों के लिए विशेष केम्प लगाने का भरोसा भी दिया। चेयरपर्सन ने विकास मंच से निरन्तर बैठक कर दोनो पार्षदों के सहयोग से सेक्टर की सभी समस्याओं का अगले 6 महीने में समाधान करने की बात कही।

विकास मंच के प्रधान राकेश वालिया व महासचिव सतीश सेठी ने चेयरपर्सन के साथ आए पार्षद जश्न ढींगड़ा, नवीन नामदेव, राजीव घारू, कुलवंत सिंह, जयदेव, राजेश धीमान ,नरेंद्र प्राशर व पूर्व चेयरमैन अमित वालिया से भी आग्रह किया कि सेक्टर की समस्याओं को देखते हुए विशेष बजट अलाट किया जाए। वालिया व सेठी ने कहा कि उम्मीद है कि जनप्रतिनिधियो ने जो आश्वासन दिए है वह ईमानदारी से पूरे किए जाएंगे। विकास मंच सरकार स्तर व शहरी विकास प्राधिकरण से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए, जल्द हल्का विधायक व सम्बंधित अधिकारियों से भी मिलेगा।

विकास मंच के चेयरमैन सुरेंद्र धीमान ने सभी जन प्रतिनिधियों व सेक्टरवासियों का बैठक में पहुंचने के लिए स्वागत करते हुए धन्यवाद किया।

# ऑनलाइन पोर्टल पर आई शिकायतों का निर्धारित समय पर करें निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।** सीएम विंडो, सरल पोर्टल और सीपी ग्राम सहित अन्य प्राप्त हुई शिकायतों का गंभीरता के साथ निर्धारित समय पर निपटारा करना सुनिश्चित करें। नगराधीश अमित मान बुधवार सायं को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ सीएम विंडो, सरल पोर्टल और सीपी ग्राम पोर्टल पर प्राप्त हुई शिकायतों के निपटान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे । उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश देते हुए सीएम विंडो, सरल पोर्टल, सीपी ग्राम पोर्टल और एसएमजीटी के पेंडेंसी को तुरंत ऑनलाइन क्लियर करने के




लिए भी कहा। वहीं नगराधीश अमित मान सीएम विंडो और अन्य ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली के जरिये बेहतर क्रियान्वयन के लिए सुझाव भी सांझे अधिकारियों को कर्मचारियों के साथ किए। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो, सीपी ग्राम और एसएमजीटी शिकायतों बारे नियमित रूप से समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि समय पर ऑनलाइन आई शिकायतों के निपटान न करने वाले विभागों के अधिकारी/प्रतिनिधि को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। जिसमें उन्होंने सीएम विंडो पर लम्बे समय से पड़ी शिकायतों के निराकरण के सम्बंध में दिशा निर्देश भी विभाग वार सम्बंधित अधिकारी को दिए। सीटीएम अमित मान ने बैठक में क्रमवार सभी विभाग के अधिकारियों /प्रतिनिधियों को ऑनलाइन लंबित सीएम विंडो, सीपी ग्राम और एसएमजीटी आवेदन पर आई शिकायतों का विवरण देने के लिए कहा। वहीं उन्होंने कई विषयों पर संबंधित अधिकारियों से सुझाव भी साझा किए व सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक में नगराधीश अमित मान, डीआरओ बिजेन्द्र राणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारी समिति के प्रेसिडेंट के रूप में चुना गया

**टीम एक्शन इंडिया / फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)** आदिश सी अग्रवाल - सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व वाइस प्रेसिडेंट और सीनियर एडवोकेट को सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारी समिति के प्रेसिडेंट के रूप में चुना गया है। आदिश जी को विकास वर्मा एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट् एंव भारतीय विधि संस्थान के सदस्य तथा पूर्व सरकार के सहायक एडवोकेट जनरल ने बधाई दी। सीनियर एडवोकेट ने जीत हासिल करने के लिए तीन वकीलों और चार सीनियर एडवोकेट को पछाड़ा है। उनके निकटतम दावेदार सीनियर एडवोकेट दुष्यंत दवे थे, जिन्होंने 2021 में अपने इस्तीफे तक प्रेसिडेंट का पद संभाला था।



अग्रवाल को 668 वोट मिले, जबकि दवे को 477 वोट मिले। सीनियर एडवोकेट राजेश कुमार खन्ना (426), रंजीत कुमार (304), और अजीत कुमार सिन्हा (144) अगले तीन सर्वश्रेष्ठ दावेदार थे। कार्यकारी समिति के पदों के लिए बुधवार को सीनियर एडवोकेट वी गिरी की अध्यक्षता वाली चुनाव समिति की देखरेख में मतदान संपन्न हुआ। चुनाव में प्रेसिडेंट पद के लिए आठ सदस्य, वाइस प्रेसिडेंट पद के लिए दस, सेक्रेटरी पद के लिए आठ, ज्वाइंट सेक्रेटरी के लिए सात, कोषाध्यक्ष के लिए पांच और संयुक्त कोषाध्यक्ष के लिए छह ने चुनाव लड़ा था।

## संक्षिप्त खबरें

### हाईवे पार करते समय महिला को ट्रक ने कुचला

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)। बल्लभगढ़ अनाज** मंडी के सामने राजमार्ग को पार करते समय एक महिला को ट्रक ने कुचल दिया। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। राष्ट्रीय राजमार्ग के ऊपर लगे फुट ओवर ब्रिज की बजाय महिला ग्रिल पार करके पेट्रोल पंप की तरफ से मंडी की तरफ जा रही थी। महिला ग्रिल से उतरते समय गिर गई और पलवल की तरफ से आने वाले ट्रक ने उसे कुचल दिया। घटना के बाद चालक ट्रक को छोड़कर मौके से भाग गया। इस घटना के घटने से ट्रक सड़क पर खड़े होने के कारण दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद बस अड्डा पुलिस चौकी घटनास्थल पर पहुंची और ट्रक को लोगों के सहयोग से साइड में खड़ा किया। करीब आधा घंटा ट्रैफिक जाम रहा। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मृतक महिला 55 वर्षीय शकुंतला कैल गांव की रहने वाली बताई गई है। बस अड्डा चौकी इंचार्ज सज्जन कुमार का कहना है कि स्वजन को सूचना दे दी है। मृतक को पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान अस्पताल भेज दिया है। स्वजन आने के बाद चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा।

### मौका देखकर चोरी किए गहने और नकदी क्राइम ब्रांच 65 ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)** ।डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने जेवरात चोरी के मुकदमे में एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार की गई आरोपित महिला का नाम ज्योति (बदला हुआ नाम) है जो दिल्ली की जहांगीरपुरी की रहने वाली है। 13 मई को फरीदाबाद के सदर बल्लभगढ़ थाने में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपित महिला ने एक घर से जेवरात व नकदी चोरी की थी। महिला दिल्ली से फरीदाबाद में घी बेचने आती है और वह काफी समय से उस घर में घी सप्लाई करती थी। 9 मई को महिला घी देने के लिए शिकायतकर्ता के घर पहुंची जहां पर मौजूद महिलाओं ने उसके साथ बातचीत शुरू कर दी। महिला का महापौर काफी समय से आना जाना था इसलिए वह वहां चाय पानी पीने के लिए बैठ गई। महिलाओं ने कहा कि उन्हें अभी घी की आवश्यकता नहीं है वह बाद में कभी ले लेगी। आरोपित महिला 5 महीने की गर्भवती थी इसलिए वह कुछ देर आराम करने के लिए पीड़ित के घर रुकी। इसी दौरान उस घर की महिला किसी काम से बाहर गई। आरोपित महिला घर में आराम कर रही थी और उसे अलमारी में गहने और नकदी दिखाई दिए जिसे देखकर महिला के मन में लालच आ गया और उसने जेवरात व ?50000 चोरी किए तथा मौके से फरार हो गई। पीड़ित ने जब वापस आकर देखा तो अलमारी से गहने व नकदी गायब थे जिसके पश्चात उन्होंने पुलिस में शिकायत दी और चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके महिला की तलाश की गई। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपित महिला को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से चोरी किए गए जेवरात जिसमें सोने की 2 अंगूठी, कान की 1 जोड़ी टोपस, चांदी की 1 जोड़ी पाजेब तथा ?50000 नकद बरामद किए गए। पुलिस जांच में सामने आया कि महिला के खिलाफ इससे पहले कोई मुकदमा दर्ज नहीं है और महिला ने अलमारी में जेवरात देखें और जब पाया कि घर में कोई नहीं है तो उसके मन में लालच आ गया और लालचवश उसने घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपित महिला को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### दो-पहिया वाहन चोरी की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत।** शहर थाना सोनीपत पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विनोद निवासी दरभंगा बिहार हाल में शास्त्री कॉलोनी व विशाल निवासी समस्तीपुर बिहार का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उददेपुर निवासी मंदीप ने 15 मई को पुलिस से शिकायत देकरब ताया कि वह अपने दोस्त से मिलने के लिए शहर में आया था। अपनी मोटरसाइकिल को कोर्ट रोड पर शराब ठेके के पास खड़ी करके अपने दोस्त की गाड़ी में

## पीएनबी के एटीएम को क्षतिग्रस्त कर नकदी चोरी का प्रयास

**सोनीपत।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में बस अड्डा सोनीपत स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम से नकदी चोरी करने के प्रयास व एटीएम को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। बैंक के प्रबंधक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। पंजाब नेशनल बैंक सेक्टर-14 में तैनात नेहा राठौर ने बताया कि वह बतौर प्रबंधक के तौर पर कार्यरत है।

# बिजली मंत्री का घेराव कर प्रदर्शन करेगा हरियाणा कर्मचारी महासंघ

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)** हरियाणा कर्मचारी महासंघ की एक आवश्यक मीटिंग फरीदाबाद सेक्टर-06 जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई । जिसमें हरियाणा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महासचिव श्री सुनील खटाना ने कहा कि पूर्व में 09 अप्रैल 2023 को जिला अम्बाला में हुए राज्य स्तरीय कन्वेंशन में लिए गये कर्मचारी हितैषी फैसले के अनुसार हरियाणा कर्मचारी महासंघ की राज्य कमेटी सहित तमाम विभागीय यूनियनों की प्रदेश कार्यकारणी व अंबाला जिले के सभी विभागों के कर्मचारी प्रातः 10:00 बजे अंबाला कैंट बस डिपो पर एकत्र हुए। जिसके बाद



बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला कर्मचारियों के हितों में लिया गया कि चरणबद्ध तरीके से सभी कर्मचारी इके होकर आगामी 25 मई 2023 को हरियाणा प्रदेश के बिजली मंत्री श्री रणजीत सिंह चौटाला के आवास जिला सिरसा पर विरोध और प्रदर्शन को करते हुए कर्मचारी अपनी मांगों का पांच सूत्रीय मांग पत्ररूपी एक ज्ञापन बिजली मंत्री श्री रणजीत सिंह चौटाला को सौंपेंगे । जिसमें मुख्य मांग पुरानी पेंशन को बहाल करना, प्रदेश के सभी विभागों में लगे कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना, हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग करना, पूर्णता कैशलेस मेडिकल लागू करना, निजी करण पर पूर्णता रोक लगाना, पुरानी एक्स ग्रेशिया नीति को लागू करवाना साथ ही विभागीय संगठनों की मांगों पर यथाशीघ्र मीटिंग बुलाकर उन्हें लागू करना आदि प्रमुख माँगें सम्मलित है । बैठक के इस अवसर पर प्रदेश महासचिव श्री सुनील खटाना ने कहा कि आज सरकार के पास समय है अगले वर्ष 2024 में हरियाणा प्रदेश में चुनाव है । अन्यथा आगामी प्रादेशिक चुनावी समय में प्रदेश का तमाम कर्मचारी वर्ग अपने मताधिकार का सही प्रयोग कर ऐसी सत्तासीन सरकार को जो कर्मचारी हित के कामों को पूरा नही करती है उसे सत्ता से नदारद करने का काम ताल ठोक कर अन्य राज्यों की भाँति करेगा।

# कंपनी में लगाया जांच शिविर, टीबी रोग की गई स्क्रीनिंग

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत। भारत** सरकार का टीवी मुक्त अभियान 2025 में भारत को टीबी से मुक्त करने की मुहिम छेड़ी हुई है। इसी मुहिम के तहत सोनीपत से हिंदुस्तान युनिलीवर कंपनी ने अपनी फैक्ट्री अपनी यूनिट को टीबी मुक्त करने का ले लिया। बृहस्पतिवार को हिंदुस्तान युनिलीवर खेवडा सोनीपत में द यूनियन, टीबी यूनिट सोनीपत एवं उजाला सिग्नस अस्पताल तीनों ने मिलकर हिंदुस्तान युनिलीवर कंपनी में स्वास्थ्य जांच शिविर एवं टीबी की स्क्रीनिंग का कैंप स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया



गया। इस शिविर आर्मिंडम चटर्जी स्टेटस टेक्निकल एडवाइजर, डा. निकिता ने काम करने वाले कर्मचारियों को टीबी के लक्षण के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि टीबी की जांच करनी बेहद जरूरी होती है। कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया डिस्टिक टीबी ऑफिस डा. तरुण यादव एवं उनकी टीम मौजूद रही।

## अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत।** सीआईए-1 स्टाफ सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नितेश उर्फ चड्डा लाल दरवाजा बाल्मिकी कॉलोनी का है। जांच अधिकारी अजमेर ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान कालूपुर चुंगी की सीमा में मौजूद थी। टीम को सूचना मिली कि रावल अस्पताल औद्योगिक क्षेत्र में एक युवक अवैध हथियार सहित आने वाला है। टीम ने मौके पर पहुंचकर युवक को काबू कर लिया। उसके पास से तलाशी के दौरान अवैध देशी पिस्तौल बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तह शहर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# किसी को परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण के लिए नहीं होना पड़ेगा परेशान



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)** परिवार पहचान पत्र की जिला नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने कहा कि जिला में परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दूर करने का कार्य तेजी के साथ ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली के जरिये किया जा रहा है तथा इसके लिए फील्ड वेरिफिकेशन का कार्य भी निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा शिक्षा, चुनाव और महिला एवं बाल विकास तथा अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा विभिन्न तरीकों से लोगों द्वारा उनके परिवार पहचान पत्र में घोषित आय की जांच की जा रही है। इसके लिए किसी भी पात्र व्यक्ति को व्यर्थ में परेशान होने की जरूरत नहीं है तथा उन्हें सरकार द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं व योजनाओं का लाभ मिलेगा। एडीसी अपराजिता ने कहा कि पीपीपी को ऑनलाइन अपडेट कराने का कार्य अटल सेवा केंद्रों, सरल केंद्रों और सीएससी सेंटरों पर के साथ साथ चुनाव विभाग के बीएलओ और महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग द्वारा आपसी तालमेल करके किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र में आय वेरिफिकेशन के साथ- साथ किसी का नाम जोड़ना, दिव्यांगों का स्टेट्स अपडेट कराना, जन्मतिथि में सुधार करना आदि के कार्य भी शामिल है। उन्होंने कहा कि 55 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्ति के जन्मतिथि में सुधार के लिए वोटर आईकार्ड लाना अनिवार्य है। वोटर कार्ड वर्ष 2017 के पहले का होना जरूरी है।

**हेल्पलाइन नंबर पर ली व दी जा रही है जानकारी**

एडीसी अपराजिता ने बताया कि प्रशासन ने पीपीपी के लिए हेल्पलाइन नंबरो के जरिये सुबह नौ से शाम पांच बजे तक फोन कर परिवार पहचान पत्र से संबंधित जानकारी ली और दी जा रही है। एडीसी अपराजिता ने आगे बताया कि पीपीपी विभागीय अधिकारियों की मानें तो फरीदाबाद में 5,92,625 परिवारों के पीपीपी बन चुके हैं।

# दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कैद की सजा

## सेक्टर-14 स्थित पीएनबी की मुख्य प्रबंधक ने पुलिस को दी शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत।** किशोरी को बहलाफुसलाकर होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरुचि अतरेजा सिंह की अदालत ने दोषी को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 50 हजार रुपये जुमार्ना भी किया है। जुमार्ना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जुमार्ना राशि पीड़िता को देने के आदेश दिए है। सोनीपत शहर की रहने वाली महिला ने 12 अप्रैल, 2022 को महिला थाना पुलिस को बताया था कि 11 अप्रैल 2022 की रात को उनकी 17 वर्षीय बेटी ने बताया था कि उसके साथ रोहतक के गांव निवासी साहिल ने पांच दिन पहले दुष्कर्म किया था। किशोरी ने अपनी मां को बताया था कि साहिल नाम का जो युवक उनके पिता का सोसाइटी का खाता खोलकर गया था। उसके बाद वह उससे बाहर मिलने लगा। साहिल ने उसे कहा था कि उसका 6 अप्रैल, 2022 को 12वीं कक्षा का पेपर है। उसने उसके पेपर में नकल डालने में मदद करने की बात कही थी। जिस पर वह दोस्ती के नाते उसके पेपर में नकल डालने उसके सेंटर पर गई थी। वहां से पेपर के बाद साहिल उसे बहाने से गन्नौर जीटी रोड स्थित एक होटल में ले गया था। वहां पर उसने कहा था कि कुछ देर बैठकर बातचीत करेंगे। होटल के कमरे में खाना खाने के बाद साहिल ने उसे कहा था कि रात को यहीं रूक जाते है। उसने कहा कि वह उनके साथ शादी करना चाहता है। उसके मना करने पर आरोपित ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया था। साथ ही किसी को बताने पर उसे बदनाम करने की धमकी दी थी। लोकलाज के चलते वह चुप रही थी। रात को बेटी ने उन्हें मामले से अवगत कराया था। जिस पर 12 अप्रैल, 2022 को पुलिस को शिकायत देकर 6 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया था। उसे अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया था। मामले में सुनवाई के बाद एएसजे सुरुचि अतरेजा सिंह ने आरोपित को दोषी करार दिया। अदालत ने अब दोषी को 6 पॉक्सो एक्ट में 20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये जुमार्ना भी किया है। जुमार्ना राशि पीड़ित को देने के आदेश दिए गए है। जुमार्ना न देने पर एक साल अतिरिक्त कैद की सजा भुगतनी होगी।

# सामाजिक उत्थान श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का बड़ा लक्ष्य

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने सामाजिक उत्थान के उद्देश्य से दो महत्वपूर्ण एमओयू किए हैं। इनके माध्यम से विश्वविद्यालय के विद्यार्थी ऑन द जॉब ट्रेनिंग करेंगे। कुलपति डॉ. राज नेहरू की उपस्थिति में वाईबीआई फाउंडेशन और गो-पलो वेंचर के प्रतिनिधियों ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ एमओयू का अदान-प्रदान किया। इस मौके पर श्री विश्वकर्मा कौशल विद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि शैक्षणिक उद्देश्यों के साथ-साथ सामाजिक उत्थान भी हमारा



एक बड़ा लक्ष्य है। इसलिए ज्यादातर कोर्स को सामाजिक उत्थान के दृष्टिकोण से भी विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि रासायन युक्त भोज्य पदार्थ इस समय स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी चुनौती बने हुए हैं। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रहा है। कृषि संकाय के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर में भी एक फार्म विकसित किया जा रहा है। इस समय बाजार में उपलब्ध ऑर्गेनिक खाद्य पदार्थों के नाम पर बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी चल रही है। इसलिए गो-पलो वेंचर के साथ मिलकर विश्वविद्यालय के स्किल एग्रीकल्चर फैकल्टी के विद्यार्थी ऑन द जॉब ट्रेनिंग करेंगे। इस दौरान अनाज, फलों और सब्जियों की ऑर्गेनिक टेस्टिंग का प्रशिक्षण भी विद्यार्थी प्राप्त करेंगे। शुद्धता का यह परीक्षण करने में विद्यार्थी निपुण होंगे तो समाज को इसका बड़ा फायदा होगा। गो-पलो वेंचर की ओर से संस्थापक सम्राट सिंह चौहान और सह संस्थापक संदीप मेहंदीरत्ता मौजूद रहे।

दूसरी तरफ वाईबीआई के निदेशक डॉ. आलोक यादव ने समझौता पत्र का आदान प्रदान किया।

यह गैर वित्तीय लाभ की कंपनी है, जोकि महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण की दिशा में काम करती है। उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा साइंस और बिजनेस एनालिटिक्स के प्रोजेक्ट में शामिल करती है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने दोनों संस्थानों के प्रतिनिधियों को इस एमओयू के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि समाज में रचनात्मक काम करने वाले लोग विश्वविद्यालय के साथ जुड़ेंगे तो इससे पूरे समाज का फायदा होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. ज्योति राणा, डीन प्रो. निर्मल सिंह, संयुक्त निदेशक विनीत सूरी, उपनिदेशक वैशाली महेश्वरी, अतिरिक्त उप निदेशक नीता सिंह, अतिरिक्त कुल सचिव शिखा गुप्ता और संतोष मिश्रा भी उपस्थित थे।

# क्राइम ब्रांच 56 ने 4 पेटी अवैध देसी शराब सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)।**

डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी सुंदर सिंह की टीम ने अवैध शराब तस्करी के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम जोगिंदर है जो सारण एरिया के नंगला एनक्लेव पार्ट टू का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को अवैध शराब तस्करी करते काबू




कर लिया। आरोपी के कब्जे से अवैध देसी शराब की 4 पेटी बरामद की गई। आरोपी से जब इसके बारे में पूछताछ की गई तो वह कोई जवाब नहीं दे पाया जिसके पश्चात आरोपी को सारण थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध शराब अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ शुरू की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदी है और नशे की आपूर्ति के लिए अवैध शराब बेचता है।

